तापमान
अधिकतम 43.5 डिग्री
न्यूनतम 18.3 डिग्री

हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

12 एसडीओ के खिलाफ शिकायत डीसी ने दिए जांच...

12 ढाणी श्याम लाल में सीवरेज समस्या से लोग परेशान...

खबर संक्षेप

अज्ञात वाहन की टक्कर से नेपाली व्यक्ति की मौत

हांसी। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सोरखी गांव के पास स्थित हैप्पी होटल के सामने बुधवार देर रात करीब 11 बजे एक अज्ञात वाहन चालक ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। अज्ञात वाहन द्वारा सड़क पार कर रहे व्यक्ति को टक्कर मारे जाने पर आस-पास के लोगों ने तुरंत डायल 112 पर फोन कर हादसे की सूचना पुलिस को दी।

चाकू मारकर पिता को घायल किया, केस दर्ज

हिसार। शहर की शिव कॉलोनी में बिजली निगम से सेवानिवृत कर्मचारी महिपाल को उसी के बेटे से चाकू से हमला करके घायल कर दिया। घायल लगभग 75 वर्षीय महिपाल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि शिव कॉलोनी निवासी महिपाल के दो बेटे रविंद्र और सतेंद्र एक ही मकान में अलग-अलग रहते हैं। तीन दिन पूर्व बड़े बेटे रविंद्र ने छोटे भाई की पत्नी रीटा के साथ झगड़ा किया था।

कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्लांट में खड़ा डंपर ट्रक चोरी

हांसी। अज्ञात चोर बुधवार रात को सड़क निर्माण करने वाली त्रिदेव कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्लांट से लाखों रुपये की कीमत का 12 चक्का डंपर ट्रक चुराकर ले गए। चोरी की यह वारदात ढाणी पीर वाली के सामने बनाए गए कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्लांट में रात करीब साढ़े 12 बजे हुई। ट्रक चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर ट्रक मालिक एचएसवीपी सेक्टर निवासी दिनेश की शिकायत पर मामला दर्ज।

अपार्टमेंट के आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली

सिल्वर अपार्टमेंट में दो बार लगी आग की घटनाओं की जांच शुरू

अपार्टमेंट की सोसायटी ने रखा सिक्योरिटी गार्ड, लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरे
एसपी ने अपार्टमेंट पार्किंग में दो बार आगजनी की घटनाओं को लेकर दिए एफआईआर दर्ज करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

डीसी कॉलोनी स्थित सिल्वर अपार्टमेंट में एक सप्ताह में दो बार आगजनी की घटना होने के मामले को पुलिस व प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। पुलिस व प्रशासन की अलग-अलग टीमों ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, अपार्टमेंट में रहने वाले परिवारों के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल कहना है कि इस मामले में एसपी ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए है। इसके साथ ही जांच एजेंसियों द्वारा सिल्वर अपार्टमेंट के आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है, ताकि कोई ठोस सुराग हाथ लग सके। अपार्टमेंट की सोसायटी ने लगातार हुई आगजनी की वारदात को देखते अपने स्तर पर एक सिक्योरिटी गार्ड भी रख लिया है। इसके अलावा पूरे अपार्टमेंट में सीसीटीवी कैमरे भी लगाने की प्रक्रिया शुरू दी है, जोकि शुक्रवार तक पूरी हो जाएगी। अपार्टमेंट में रहने वाले कुछ परिवार अभी भी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं और अपने रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं।

सिल्वर अपार्टमेंट।

हिसार। पार्षद संजय डालमिया के साथ एसपी से मिलने पहुंचा सिल्वर अपार्टमेंट में रहने वाले परिवारों को प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

एसपी को दी घटनाओं की जानकारी

सिल्वर अपार्टमेंट में एक सप्ताह में दो बार आग लगने से कई वाहनों के जलने का मामला गुरुवार को एसपी के दरबार में पहुंच गया। अपार्टमेंट में रहने वाले परिवारों को प्रतिनिधिमंडल नगर पार्षद संजय डालमिया के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन से मिला और आग लगाने वाले अज्ञात लोगों पर कार्रवाई की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को दी शिकायत में बताया कि सिल्वर अपार्टमेंट में 25 फ्लैट है, जिनमें से 24 फ्लैट में काफी परिवार रहते हैं। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल को तड़के करीब साढ़े 4 बजे अचानक एक स्कूटी टायर फटा और स्कूटी में आग लगी गई। उनका कहना था कि किसी अज्ञात ने स्कूटी को आग लगाई थी। उसके बाद उसके आसपास खड़े कई वाहनों में भी आग लग गई। बाद में दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बारे में अर्बन एस्टेट पुलिस चौकी में भी अज्ञात के खिलाफ शिकायत दी थी।

अज्ञात ने सोची समझी साजिश के तहत लगाई आग

प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को बताया कि 23 अप्रैल को सुबह फिर से अपार्टमेंट के बेसमेंट की पार्किंग में खड़े वाहनों को किसी अज्ञात ने जानबूझ कर लगा लगा दी, जिससे तीन गाड़ियां जलकर राख हो गई और कई दूसरे वाहन भी आग की चपेट में आ गए। इस तुरंत हालत यह बने गए थे कि तुरंत अपार्टमेंट को खाली करना पड़ा। आग पर समय से काबू नहीं पाया जाता तो अपार्टमेंट के साथ आसपास बने घरों में भी फैल जाती। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि अनजान द्वारा सोची समझी साजिश के तहत दो बार आग लगाई गई है। उन्होंने एसपी से मांग की कि मामले की गंभीरता को देखते पुलिस सिल्वर अपार्टमेंट के आसपास घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाले और आग लगाने में संलिप्त का पता लगाकर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। प्रतिनिधिमंडल में पार्षद संजय डालमिया के अलावा मोहित जैन, लखपत राय जैन, जसवंत, कुलविंदर, कृष्ण, चिराग, सिद्धार्थ, संजय मित्तल, राकेश सिंगला, जोगीराम, मदनलाल, रोहित शर्मा, रोबिन आदि शामिल थे।

हिसार। फैक्ट्री में आग लगने से उठता धुआं।

तोशाम रोड स्थित फैक्ट्री में आग लगी, हजारों का सामान जला

- अचानक आग लगने से फैक्ट्री कर्मचारियों में अफरा-तफरी मची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर के तोशाम रोड स्थित एक फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। अचानक आग लगने से फैक्ट्री कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि तोशाम रोड स्थित साक्षी प्रोजेक्ट्स फैक्ट्री के पास झाड़ियों में अचानक आग लग गई। हवा का रुख बदलने से 15-20 मिनट में आग फैक्ट्री तक पहुंच गई। फैक्ट्री में उस समय बिजली के उपकरण बनाने का काम चल रहा था। घटना के समय फैक्ट्री में करीब 8-10 मजदूर काम कर रहे थे। आग की लपटें देखते ही सभी मजदूर सुरक्षित बाहर निकल आए। आसपास के लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मियों को लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से फैक्ट्री में रखा बिजली का सामान जलकर राख हो गया।

तुड़ी बनवाने के लिए मशीन लेने जा रहा किसान सड़क हादसे में घायल

- बाइक के सामने कुत्ता आने से हुआ हादसा, हिसार रेफर

हांसी। खेत में खड़े गेहूं के फानों से तुड़ी बनवाने के लिए मशीन लेने जा रहा उमरा निवासी 36 वर्षीय किसान अजय घायल हो गया। आस-पास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने मामले की सूचना परिजनों को दी और परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से घायल अजय को उपचार के लिए हांसी नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हिसार रेफर कर दिया। नागरिक अस्पताल में उपचार के दौरान घायल किसान की पत्नी रितु ने बताया कि उसका पति खेत में खड़े फानों से तूड़ी बनवाने के लिए तुड़ी बनाने की मशीन को लाने के बाइक पर सवार होकर घर से गए। और जब वह कंवारी रोड़ पर पहुंचे तो एक आवारा कुत्ता उनकी बाइक के सामने आ गया और कुत्ते को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसके बाद एक राहगीर ने अजय की बाइक दुर्घटनाग्रस्त तथा अजय के घायल होने की सूचना परिजनों को दी।

सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन के साथ की जोरदार नारेबाजी

- हटाए गए कौशल के कर्मचारियों को सरकार उन्हें ड्यूटी पर वापस नहीं लिया तो होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

नगर पालिका नारनौंद के प्रांगण में सफाई कर्मचारियों ने गेट मीटिंग व झाड़ू प्रदर्शन किया गया। इसकी अध्यक्षता इकाई प्रधान मंसाराम ने की व मंच संचालन नरेश कुमार ने किया। बिजली निगम के प्रधान रामदिव शर्मा ने कहा कि हटाए गए कौशल के कर्मचारियों को सरकार उन्हें ड्यूटी पर वापस ले नहीं तो सर्व कर्मचारी संघ एक बड़े आंदोलन करने की रणनीति बनाएगी। इकाई प्रधान मंसाराम ने कहा कि हमारे डोर टू डोर के साथियों का काफी दिनों से वेतन नहीं दिया गया है। उन्हें भी वेतन जल्द दिया जाए। पूर्व इकाई प्रधान धर्मवीर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जींद के अंदर घोषणा की थी कि सफाई कर्मचारियों का वेतन 27 हजार कर देंगे वह सरकार ने आज तक नहीं किया गया। उसे सरकार जल्दी से लागू करें। इसको लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर सुंदर, रामकली, विद्या, कमलेश, रेनू बाला, नसीब, कुलदीप, वीरमति, अंग्रेजो देवी, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

नारनौंद। सफाई कर्मचारी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

किसानों के केबिल भी जलकर राख

आग लगने से गेहूं के 60 एकड़ फाने जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

क्षेत्र के दो गांवों के करीब 60 एकड़ गेहूं की फसल के फाने जल कर राख हो गए। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों व एक हांसी फायर ब्रिगेड की गाड़ी के अलावा ट्रैक्टरों की मदद से कई घंटों में आग पर काबू पाया जा सका।

फानों के साथ साथ करीब 6 किसानों के सोलर पैनल, बिजली की केबल, डीजल इंजन इत्यादि को भी आग से बहुत नुकसान हुआ है। गुरुवार दोपहर को गामड़ा गांव के खेतों में अचानक गेहूं के फानों में आग लग गई। आग बारूद की तरह बहुत तेजी से फैली और मिनटों में आग भड़कती चली गई। एक के बाद एक एकड़ गेहूं के फानों की फसल खाक होती रही। आग की सूचना मिलते ही गामड़ा व राखी शाहपुर गांव में मुनियादी करवाई गई। इसके बाद किसान अपने ट्रैक्टरों पर स्प्रे पंप लेकर खेतों की तरफ दौड़ पड़े। उसके बाद इसकी सूचना नारनौंद फायर ब्रिगेड को दी। नारनौंद फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची लेकिन आग इतनी फैल चुकी थी कि काबू करना ट्रैक्टरों के पीछे हैरो जोड़कर जिस तरफ आज बढ़ रही थी उसे तरफ से हैरो चलाकर जुताई कर दी ताकि आगे बढ़ रही आग को रोका जा सके लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। हालांकि गांव की तरफ आग को बढ़ने से रोक दिया गया लेकिन तीन घंटों में करीब 60 एकड़ गेहूं की फसल के फाने जलकर राख हो गए।

बंद बॉडी ट्रक से 76.90 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद, दो गिरफ्तार

- अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद कार्रवाई करने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों पर कार्रवाई करते हुए नशा निरोधक पुलिस टीम ने राजगढ़ रोड हाइवे से ट्रक सवार दो व्यक्तियों को काबू कर 76.90 किलोग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद किया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंदर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर राजगढ़ रोड पर गांव मुकलान के पास नाकाबंदी की। कुछ समय बाद सिवानी की तरफ से एक ट्रक आता दिखाई दिया। ट्रक को रुकवाकर ट्रक सवार दो व्यक्तियों से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के तेवता निवासी केवल कुमार और दूसरे में अपना नाम टोका ढाकासनी निवासी आजाद बताया। डीएसपी कमलजीत की मौजूदगी में बंद बॉडी ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक में टायरों के नीचे 6 प्लास्टिक के कट्टो में 76.90 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद डोडा चूरापोस्त और ट्रक को कब्जे में लेकर उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ आजाद नगर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ये बरामद डोडा पोस्त राजस्थान से लेकर आए हैं। आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

हिसार। चूरापोस्त सहित पकड़े गए दोनों आरोपी। फोटो : हरिभूमि

मरम्मत के बाद खुला जिंदल पुल, ली राहत की सांस

हिसार। शहर के जिंदल पुल पर वाहनों की आवाजाही शुरू होने के बाद वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। आवश्यक मरम्मत कार्यों के चलते इस पुल को बुधवार देर शाम बंद किया गया था। इसके चलते जिंदल चौक के पास बेरिकेडिंग लगाकर पुल बंद का साइन बोर्ड लगा दिया गया था। बीएंडआर ने जिंदल पुल के ऊपरी हिस्से पर जहां स्लैब है वहां पर बिटुमन रोड का निर्माण किया है। विभाग का कहना है कि इससे पुल को और मजबूती मिलेगी और पुल के ऊपर छोटे मोटे गड्ढों से छुटकारा मिलेगा। इससे पहले मरम्मत कार्य के चलते यह पुल गुरुवार को दिन में शाम तक बंद रहा, जिससे आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। दिनभर जिंदल पुल पर काम चला और शाम को यह पुल आवाजाही के लिए खोल दिया गया। पुल बंद होने के कारण वाहन चालक पुल के नजदीक आकर यू-टर्न करते दिखे। बताया जा रहा है कि जिंदल पुल पर 50 से अधिक छोटे बड़े गड्ढे थे। इनके कारण कई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके थे। बीएंडआर की टीम ने बड़े गड्ढों को भरवा दिया था। कुछ हिस्से में सड़क निर्माण करवा दिया था। उसके बाद निकाय चुनाव के चलते निर्माण कार्य अधर में रह गया था। हालांकि बड़े सभी गड्ढे टीम ने भरवा दिए थे। अब इस सड़क को शेष बचे कार्य को पूरा कर सड़क को नया बनाया जा रहा है।

हिसार। मरम्मत के चलते लगाया गया बोर्ड व बेरिकेट्स।

इंतजार | बंदी के दौरान उकलाना को नहीं मिल पाया भाखड़ा चलने का लाभ

नागरिकों के सवाल : क्या उकलाना को मिल पाएगा भाखड़ा का पानी ?

उकलाना को भाखड़ा का पानी दिलाने का दावा लोगों के लिए बन रहा सपना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना मंडी

वर्षों से भाखड़ा के पानी की बाट जोह रहे उकलाना क्षेत्र को हर बार निराशा ही हाथ लगती है। भाखड़ा का पानी पहुंचाने के दावे तो अनेक हुए लेकिन सफल एक दावा भी नहीं हुआ। यूं कहें कि ये दावे अब सपने बनने लगे हैं, तो गलत नहीं होगा।

उकलाना गांव व मंडी जो अब दोनों नगरपालिका का हिस्सा बन चुके हैं, इस क्षेत्र की जनता को भाखड़ा का पानी दिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने लगभग सात करोड़ रुपये की मंजूरी दी। इस काम को करने के लिए 31 मई 2023 को सुरेश एंड कंपनी को विभाग द्वारा वर्क आर्डर दे दिया गया। बिजली कनेक्शन की बात करें तो मार्च महीने में बिजली कनेक्शन भी हो गया। उकलाना मंडी की रेलवे क्रॉसिंग अभी तक नहीं हो पाई जो की सबसे बड़ी जरूरत थी। पाइपलाइन उकलाना ग्रामीण जलघर में आने के बावजूद भी अभी तक पानी नहीं चल पाया। हालांकि मार्च महीने में पानी की सप्लाई उकलाना जल घर के लिए शुरू की गई लेकिन सप्लाई नहीं हो पाई थी। जानकारी ली तो बताया गया कि तकनीकी खराबी के कारण पानी नहीं चल रहा। हालांकि सिंचाई विभाग द्वारा जल घरों को जल देने के लिए भाखड़ा में पानी छोड़ा गया ताकि स्वच्छ जल मिले लेकिन उकलाना क्षेत्र की जनता के लिए सात करोड़ खर्चने के बावजूद भी वह सप्लाई नहीं आ पाई।

उकलाना। निरीक्षण करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

पानी सप्लाई का आश्वासन भी दिया

सूत्र तो यह भी बताते हैं कि जब भाखड़ा नहर पूरी चल रही थी तब भी मात्र तीन इंच पानी ही उस टैंक में चला जिस कारण उसको भरने में ज्यादा समय लगा और खाली कुछ ही देर मे हो गया। इस बात को लेकर बुद्धिजीवी वर्ग ने चिंता जाहिर की और मामला उपमंडल अधिकारी के संज्ञान में लाया गया। उपमंडल अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया और पानी सप्लाई का आश्वासन भी दिया गया। जो सिस्टम बना हुआ है, उसी सिस्टम के अनुसार पानी आना अभी मुश्किल नजर आ रहा है क्योंकि जो स्टोरेज टैंक नियमानुसार नहीं बना, जो जमीन के लगभग सतह के नजदीक रखा गया है। हालांकि यह जमीन के अंदर बनना चाहिए था तभी सप्लाई अत्यधिक मिल पाती ऐसी आशंका लगाई गई है। निरीक्षण के दौरान जन स्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता आशीष गर्ग ने कहा कि भाखड़ा नहर आने के बाद उकलाना क्षेत्र की जनता को इसी टैंक के माध्यम से पूरा पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। जो शिकायत व आशंका क्षेत्रवासियों की है, उसका निदान करवाया जाएगा। उसके लिए कमेटी का गठन करके मामले की जांच की जाएगी। रेलवे क्रॉसिंग का टेंडर दो दिन में खुल जाएगा और मई महीने में काम पूर्ण होने के बाद मंडी और गांव दोनों को पूरा पानी भाखड़ा का उपलब्ध होगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे बेवजह पानी ना बर्बाद करें।

मास्टर जी के जहरीले सांपों से दोस्ती

हिसार। जब भी किसी को किसी प्रकार का जहरीला जीव या कोबरा सांप दिखाई देता है तो लोग उन्हें मारने की तरफ दौड़ते हैं लेकिन बरवाला निवासी एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला बालक से रिटायर्ड मुख्य शिक्षक ईश्वर सिंह की जहरीले जीवों से दोस्ती है। मास्टरजी जहरीलों जीवों से इतना प्यार करता है कि वह उनको मारने की बजाय उन्हें पड़कर सुरक्षित स्थानों पर छोड़ने का कार्य कर रहे है। रिटायर्ड मुख्य शिक्षक ईश्वर सिंह ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालक के स्कूल से एक किंग कोबरा सांप को पकड़ा। उन्होंने बताया कि कहा कि यह सांप बहुत ही खतरनाक है, जब स्कूल की टीम ने उनके पास फोन पर सूचित किया तो वह बिना देरी किए ही स्कूल में पहुंच गए। प्रकृति के अंदर सभी जीवों को एक समान रूप से जीने का अधिकार है। प्रकृति के साथ खिलवाड़ करेंगे तो आने वाले समय में अगर कोई भी जहरीला जीव लुप्त होता है।



रोचक / रजनी अरोड़ा

टनल यानी सुरंग, जिसके भीतर से हम गुजरते हुए अपना रास्ता तय करते हैं। टनल, पहाड़ या चट्टान को काट कर ही नहीं, कुछ टनल पेड़ के बीच या किसी विशाल टॉवर की मंजिलों के बीच भी बने हैं, जिन्हें देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह जाता है।

आश्चर्यचकित करने वाले दुनिया के अनोखे टनल

5वीं-7वीं मंजिल के बीच टॉवर टनल, जापान

जापान की टॉवर टनल की खास बात यह है कि यह एक 16 मंजिला ग्रेट टॉवर ऑफिस बिल्डिंग की 5वीं-7वीं मंजिल के बीच में से होकर गुजरती है। इस टनल में बने हानशिन एक्सप्रेसवे पर ट्रांसपोर्ट भी चलता है। यह एक्सप्रेसवे जापान के ओसाका शहर में बना है। सन 1992 में बनी यह टनल 71.9 मीटर (236 फीट) ऊंची है। टनल को ऐसी तकनीक से डिजाइन किया गया है कि इस पर गुजरते ट्रैफिक के शोर और वाइब्रेशन का कोई असर बिल्डिंग की अन्य मंजिलों पर नहीं पड़ता। *

पेड़ के तने के बीच सेक्यूआ टनल, अमेरिका

बच्चो, एक ऐसी टनल भी है, जिसे पेड़ के तने को काट कर बनाया गया है। यह टनल है-कैलिफोर्निया, अमेरिका के सेक्यूआ नेशनल पार्क में, जो दुनिया की सबसे छोटी टनल है। इस पार्क में सेक्यूआ के बड़े-बड़े पेड़ हैं। 1937 में ऐसा ही एक बहुत बड़ा पेड़ प्राकृतिक कारणों से पार्क के रास्ते में सड़क पर गिर गया था। 84 मीटर (275 फुट) लंबे इस पेड़ का तना 6.4 मीटर (21 फुट) का था। इसके तने की चौड़ाई देखकर पार्क के अधिकारियों ने इस पेड़ को हटाने के बजाय इसके तने को काटकर उसके बीच में से गुजरता रास्ता बनाने का फैसला किया। सड़क की चौड़ाई के हिसाब से इसके तने को 2.4 मीटर (8 फुट) लंबाई और 5.2 मीटर (17 फुट) चौड़ाई में काट कर टनल का रूप दिया गया। आज भी यह टनल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, इसके नीचे से कार आराम से गुजर जाती है। *

फूलों के बीच मजा विस्टेरिया टनल, जापान

बच्चो, अगर तुम्हें फूलों के बीच बने टनल से गुजरने का मौका मिले तो कैसा लगेगा! मानी बात है, बहुत मजा आएगा। ऐसी ही एक टनल जापान के किटक्युशू द्वीप के कावाची फूजी गार्डन में है, जिसका नाम है-विस्टेरिया टनल। कावाची फूजी गार्डन में बनी बेलनाकार जाली के ऊपर विस्टेरिया फूलों के झाड़ीनुमा पौधों को इस तरह बढ़ने दिया जाता है कि वो टनल का आकार ले लेते हैं। 110 मीटर लंबे इस टनल में 20 से अधिक किस्मों के 150 से भी अधिक विस्टेरिया फूलों के पौधे लगाए जाते हैं। अप्रैल-मई के महीने में यह टनल रंग-बिरंगे विस्टेरिया फूलों से भर जाती है, जो देखने में बहुत मनभावन लगती है। इस टनल को दूर-दूर से पर्यटक देखने आते हैं। *

पेड़-पौधों की हरियाली से सजी टनल ऑफ लव, यूक्रेन

जिस तरह जापान की विस्टेरिया टनल फूलों से सजी है, उसी तरह यूक्रेन में स्थित क्लेवान टनल, पेड़-पौधों की हरियाली से सजी है। यह टनल करीब 3 किलोमीटर लंबी है। यह जंगल के उस रेलवे ट्रैक के आस-पास बनी है, जिस पर गुजरकर दिन में तीन बार जंगल से कटी लकड़ियां ट्रेन, फैक्ट्रियों तक पहुंचाती है। अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के कारण इसे टनल ऑफ लव नाम दिया गया है। जब इस टनल से ट्रेन के गुजरने का समय नहीं होता, तब पर्यटक इस टनल के रेलवे ट्रैक पर पैदल चलने का भी आनंद लेते हैं। *

अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पाथ टनल, कनाडा

बच्चो, जिस तरह दिल्ली में स्थित पालिका बाजार, अंडरग्राउंड बना हुआ है, इसी तरह कनाडा के टोरंटो में भी पाथ अंडरग्राउंड टनल में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। यह टोरंटो के ऑफिस टॉवर के नीचे है, जो 30 किलोमीटर लंबा है। यहां तकरीबन 1200 रिटेल शॉप्स, 20 पार्किंग गैराज हैं। वर्ष 1900 में पैदल यात्रियों के लिए शुरू की गई यह टोरंटो की पहली टनल थी। 1960 के दशक में इसमें अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनने शुरू हो गए। गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स के अनुसार यह दुनिया का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड टनल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। इस टनल से रोजाना करीब 1 लाख लोग गुजरते हैं। *

मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद द बंड टनल, चीन

चीन के शंघाई शहर में हुआंगपू नदी के नीचे बने द बंड टनल में चारों तरफ 6 चैनल एंप्लीफाइस सिस्टम और साउंड इफेक्ट्स जैसी लेटेस्ट साइकेडेलिक मल्टीमीडिया

टेक्नोलॉजी फिट की गई हैं। पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण है-यहां बने रेलवे ट्रैक पर चलने वाली ऑटोमेटिक ट्रांसपेरेंट मागलेव ट्रेन की राइड। यहां ऑटोमेटिक मागलेव ट्रेन मे घूमते हुए शानदार ऑडियो-वीडियो युक्त मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद लिया जा सकता है। *

दुनिया का आठवां आश्चर्य नेचुरल टनल, अमेरिका

अमेरिका के वर्जीनिया में स्थित लाखों साल पुरानी यह नेचुरल टनल, आज भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। पहले यहां चूना-पत्थर (लाइमस्टोन) की चट्टानें हुआ करती

थीं, जो कार्बनिक एसिड मिले ग्राउंडवाटर के रिसने से धीरे-धीरे टूटती गईं और अपने-आप ही टनल का रूप लेती गई। आज भी यह टनल 61 मीटर (200 फुट) चौड़ी और 24 मीटर (80 फुट) लंबी है। 1896 में इसे दुनिया का आठवां आश्चर्य घोषित किया गया था। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा

बच्चो, कहानी-कविता की किताबें तो तुम खूब पढ़ते होगे, लेकिन क्या इनके अलावा ज्ञानवर्धक और नॉन-फिक्शन किताबें भी पढ़ते हो? ऐसी किताबें तुम्हें आज की दुनिया के साथ जोड़े रखती हैं, जानकारी बढ़ाती हैं और कुछ अच्छा करने, कुछ बनने की राह दिखाती हैं। कुछ समय पहले ऐसी ही एक किशोरोपयोगी प्रेरक किताब 'भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा' छपकर आई है। इस किताब में 15 भारतीय महिला वैज्ञानिकों के बारे में बताया गया है। उन वैज्ञानिकों ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान तो दिया ही है, साथ ही उनकी यह यात्रा भी कम रोचक नहीं रही है, क्योंकि उन्होंने तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करके ऊंचा मुकाम बनाया है। इन महिला वैज्ञानिकों के बारे में पढ़कर तुमको बहुत कुछ जानने-सीखने का अवसर मिलेगा। *

किताब: भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा, **लेखिका:** अनुपमा गोरे, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** आईसेक्ट पब्लिकेशन, भोपाल

बूझो तो जानें

1
नभ में एक धनुष बनता है
जिसके रंग है पूरे सात।
नहीं हाथ में आ सकता है
दिखता, जब होती बरसात।

2
खाओगे तो स्वाद है कड़वा
कहलाता हूं बड़ा हकीम।
सबको शीतल छाया देता
चिड़ियां करती प्यार असीम।

3
एक वर्ष के लिए मैं आऊं।
दिवस, दिनांक, मास बतलाऊं।
छोटे-बड़े हैं बारह बच्चे।
सभी नेक हैं, सीधे-सच्चे।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.इंद्रधनुष, 2.नीम, 3.कैलेंडर

जीके क्विज-151

1. आईपीएल में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी का नाम क्या है?
2. हाल में भारत आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
3. खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
4. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. विश्व श्रमिक दिवस कब मनाया जाता है?
7. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
8. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस प्रदेश में स्थित है?
9. वायुमंडल में किस गैस का प्रतिशत सबसे अधिक पाया जाता है?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी कहां है?

बच्चो, जीके क्विज-151 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-150 का उत्तर : 1.1970 ई., 2.गैलॉर्ड नेल्सन, 3.विराट कोहली, 4.पुर्तगाल, 5.एस. जयशंकर, 6.मासिनराम, 7.कोलकाता, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.चैत्र, 10.तिरुवनंतपुरम

जीके क्विज-150 का सही उत्तर देने वाले : राजेंद्र-चांपा, कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, शताक्षी-दुर्ग, हर्ष-रायपुर, सचिन-रोहतक, अमन-बिलासपुर, आयुष-ईमेल से, दिव्या-रोहतक

कहानी / राजेंद्र श्रीवास्तव

स्वप्निल का जन्मदिन आया तो वह अपनी बहन चिया के साथ इसकी तैयारी में जुट गया। जन्मदिन की तैयारी में वह ऐसा खोया कि रात सोने पर भी सपने में वह अपना जन्मदिन बड़े अनोखे अंदाज में मनाते दिखा। आंख खुली तो उसे अपने आप पर खूब हंसी आई, साथ में मम्मी-पापा और चिया भी खूब हंसे। ऐसा क्या सपने में देखा स्वप्निल ने?

स्वप्निल का सपना

स्वप्निल आज बहुत खुश था। वह खुशी-खुशी अपने सभी दोस्तों को बता रहा था, 'कल मेरा जन्मदिन है।' उसने अपने सभी दोस्तों को बर्थ-डे पार्टी में इनवाइट किया था। सबने वादा किया कि वह कल उसकी बर्थ-डे पार्टी में जरूर आएंगे। स्वप्निल की बहन चिया भी इस पार्टी को लेकर बहुत उत्साहित थी। स्कूल से घर आकर दोनों शाम तक बर्थ-डे पार्टी की तैयारी में लगे रहे। स्वप्निल उतावला हो रहा था, कब रात बीते और सवेरा हो और वह अपनी बर्थ-डे पार्टी मनाए।

स्वप्निल का उतावलापन देखकर मां ने कहा, 'बेटा, क्या जागते-जागते ही रात काटोगे, अब सो जाओ।'

स्वप्निल ने मां की बात मानी और आकर अपने बिस्तर पर लेट गया। कल की पार्टी के बारे में सोचते-सोचते कब वह सो गया, पता ही नहीं चला। सपने में स्वप्निल ने देखा कि वह किसी घने जंगल से गुजर रहा है। तभी सामने एक बड़ी-सी नदी दिखाई दी। नदी पर लंबा और आड़ा-तिरछा, ऊंचा-नीचा पुल है। पुल के दूसरी ओर एक सजी हुई टेबल पर उसका मनपसंद बहुत ही सुंदर-सा केक रखा है। केक के आस-पास बहुत सारे गिफ्ट भी रखे हुए हैं। उसके सभी दोस्त और चिया भी वहां धूम मचा रहे हैं। तभी उस दूसरे किनारे से चिया ने आवाज दी, 'स्वप्निल जल्दी आओ, यह केक तुम्हें ही काटना है।'

स्वप्निल जल्दी-जल्दी पुल पार करने लगा, लेकिन वह जैसे ही पुल के बीचों-बीच पहुंचा, पुल खट से टूट गया। यह देखकर वह डर गया। स्वप्निल को लगा, अब तो वह नदी में डूब जाएगा। वह पुल से नदी के पानी में गिरने ही वाला था, तभी एक दूसरे सुंदर से झूले पर वहां चिया आ गई। उसने सहारा देकर स्वप्निल को उस झूले पर ले लिया। चिया को अपने पास देखकर स्वप्निल का सारा डर उड़न-छू हो गया।

उसने देखा कि झूला सुंदर फूल-पत्ती और मजबूत लताओं का बना है। यह झूला किसी लकड़ी पर नहीं, हरी-पीली लंबी ककड़ी से बंधा है। ककड़ी का एक सिरा नदी के एक किनारे जेब्रा के कंधे पर है, दूसरा सिरा नदी के दूसरे किनारे पर कंगारू के कंधे पर है। बिना पंखों वाले कीवी और शुतुरमुर्ग भी उस ककड़ी को पकड़े हुए हैं। वहां एक रंगीन और सुंदर पंखों वाला मोर भी है। मोर नाच-नाच कर सबका मनोरंजन कर रहा है। एक रंग-बिरंगी तितली चिया और स्वप्निल के आस-पास मंडरा रही है। नीचे नदी के पानी में मछलियां लहरों के साथ अठखेलियां कर रही हैं। यह सब देखकर स्वप्निल बहुत खुश हुआ। अचानक उसे केक की याद आई। उसने आस-पास देखा। वहां न कहीं केक था, न ही गिफ्ट थे। तभी नदी के एक किनारे पर उसे एक लंबी पूंछ वाली चुहिया दिखी। चुहिया छिपकर स्वप्निल के केक को चट कर रही थी। कुछ गिफ्ट भी उस चुहिया ने कुतर-कुतर कर खराब कर दिए थे। यह देखकर स्वप्निल की सारी खुशी गायब हो गई। उसने दौड़कर उस चुहिया की पूंछ पकड़ ली और खींचते हुए जोर-जोर से रोने लगा, 'मेरा केक, मेरे गिफ्ट... मेरा केक, मेरे गिफ्ट...!'

तभी चिया की चीख सुनकर स्वप्निल की नींद खुल गई। उसने देखा, वहां न नदी थी, न ही झूला। न तितली थी और न ही चुहिया। जेब्रा और कंगारू, मोर और मछलियां भी नहीं थीं। उसके हाथ में चुहिया की पूंछ नहीं, चिया की चोटी थी, जिसे वह खींच रहा था और चिया दर्द से चिल्ला रही थी। मम्मी भी पास में ही खड़ी थीं।

स्वप्निल चिया की चोटी छोड़कर बोला, 'सॉरी चिया! लगता है मैं सपना देख रहा था।'

स्वप्निल ने अपना सपना मम्मी-पापा और चिया को सुनाया। उसका सपना सुनकर सभी को खूब हंसी आई। तभी मम्मी और चिया ने वहां टेबल पर सजाए गए केक और बहुत सारे गिफ्ट स्वप्निल को दिखाए। मम्मी बोली, 'देखो स्वप्निल, यह केक और गिफ्ट सब तुम्हारे लिए हैं और यह सपना नहीं है।'

चिया अपनी चोटी संभालते हुए बोली, 'और यहां चुहिया भी नहीं है।' चिया की बात सुनकर स्वप्निल और मम्मी-पापा जोर से खिलखिलाकर हंस दिए। *

कविता

दिनेश पाठक 'शशि'

छुक-छुक रेल

बच्चे मिलकर खेलें खेल।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नंदू जी की गुड़िया बोली
आओ मिलकर खेलें-खेल।
हो जाते हैं खड़े इस तरह
बन जाएगी लंबी रेल।।
किंतु न करना कोई भैया
बिल्कुल धक्कम ठेला-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
चिंकी-पिंकी, टिंकू डिब्बे
इंजन राजा भैया।
राजुल गार्ड दे रहा सीटी
नाचे ता-ता थैया।
डिब्बे बनकर सब करते हैं
देखो कैसी ठेलम-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नहीं तीसरा दरजा इसमें
नहीं है दरजा पहला।
भेद-भाव से दूर बहुत है
कोई न नहला-दहला।
खेल-मेल की इस गाड़ी का
नाम रखा है चुनमुन मेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।

अंतर बताओ

बच्चो, यहां डिफरेंट ब्रीड के डॉग्स के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम पांच मिनट में ये सातों अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर : 1.सबसे आगे बैठे डॉग की पूंछ मुड़ी हुई है। 2.बाईं तरफ आगे खड़े डॉग का एक आगला पैर मुड़ा हुआ लगे है, पहले पैर जमीन पर टिके है। 3.बाईं तरफ पीछे बैठे डॉग के सिर से लेकर आखिर तक का एक हिस्सा डिफरेंट कलर का है। 4.पीछे तीन रहे डॉग की नाक का आगला हिस्सा अलग तरह का है। 5.दिए में पीछे दाईं तरफ खड़ा चमकता रहा है। 6.दाईं तरफ पीछे बैठे डॉग की जीभ अंदर है। 7.दाईं तरफ आगे बैठे डॉग का एक कान लंबी दिख रहा है।

एनिमल का नाम बताओ

बच्चो, नीचे दिए गए प्रत्येक एनिमल के चित्र के साथ कुछ अल्फाबेट्स दिए गए हैं। इन अल्फाबेट्स को सही से अरेंज करने पर एनिमल का नाम तुम्हें मिलेगा। तो देर किस बात की, अल्फाबेट्स अरेंज कर प्रत्येक चित्र के नीचे दिए गए बॉक्सेज में एनिमल के नाम लिखो।



खबर संक्षेप

साइबर अपराध से बचाव पर सेमिनार आयोजित

हिसार। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय द्वारा गुरुवार को साइबर अपराध के बचाव के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें ऑनलाइन खातों से होने वाले फ्रॉड की सुरक्षा के लिए मजबूत उपाय बताए गए। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से साइबर अपराध के प्रति जागरूकता फैलाने पर विशेष ध्यान दिया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल व प्रो. चांसलर डॉ पूनम गोयल ने भी सेमिनार का सफ़लतापूर्वक आयोजन होने पर शुभकामनाएं दीं।

पंचायती राज दिवस पर एडीआर सेंटर में वर्कशॉप

हिसार। पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण हिसार द्वारा एडीआर सेंटर हॉल में एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) सह सचिव अशोक कुमार ने की। सीजेएम अशोक कुमार ने कहा कि पंचायती राज दिवस भारत में स्थानीय स्वशासन और लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण को मजबूत करने का प्रतीक है। वर्कशॉप के माध्यम से प्रतिभागियों को पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका, अधिकारों और कानूनी सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई।

एडहॉक कमेटी ने की कार्यकाल की समीक्षा

हिसार। श्री रामलीला कमेटी कटला के एडहॉक कमेटी के दो सदस्यों समाजसेवी सत्यपाल अग्रवाल, अधिवक्ता कृष्ण खटाना के मध्य एक बैठक कमेटी कटला के भवन कार्यालय में सम्पन्न हुई। यह बैठक एडहॉक कमेटी के एक सदस्य दीपक जैन एडवोकेट के त्यागपत्र के बाद रजिस्ट्रार कार्यालय से कोई भी प्रकार का मार्गदर्शन प्राप्त न होने के बाद विचार विमर्श के लिए रखी गई, इस बैठक में अभी तक के एडहॉक कमेटी के कार्यकाल की समीक्षा की गई।

गेहूं का उठान नहीं होने पर दिया धरना

हिसार। अग्रोहा अनाज मंडी में गेहूं का उठान नहीं होने पर व्यापारियों ने मंडी के आगे धरना लगा दिया। इस मौके पर अग्रोहा ब्लॉक की पगड़ी संभाल जट्टा की टीम व्यापारियों को समर्थन देने पहुंची और मौके पर पहुंचे अधिकारी ने आश्वासन दिया शुक्रवार से गेहूं का उठान तेजी से शुरू कर दिया जाएगा। इस अवसर पर अजय गोदारा, दिलबाग बिजारणियां, रोहित बिजारणियां, राहुल बिजारणियां, पुनीत यादव, प्रदीप मलिक आदि मौजूद थे।

पृथ्वी दिवस पर करवाई स्लोगन प्रतियोगिता

बरवाला। डीएवी राजीव गाँधी थर्मल पॉवर प्लांट पब्लिक स्कूल खेदड़ के प्रांगण में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम किया गया। विद्यालय प्राचार्या कोमल शर्मा ने बताया कि स्कूल में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों द्वारा पृथ्वी के चित्र में रंग भरने की गतिविधि करवाई गई और कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों में स्लोगन व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से दर्शाया कि प्रदूषण के कारण धरती कितनी प्रभावित हुई है और अपनी रक्षा के लिए पुकार रही है।

एसडीएम राजेश खोथ ने सुनीं जन समस्याएं

हांसी। संयुक्त कार्यालय परिसर में बृहस्पतिवार को जनसुनवाई एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम राजेश खोथ द्वारा आमजन की समस्याएं सुनी गईं। शिविर में कुल 9 लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। एसडीएम खोथ ने प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। अधिकांश मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया।

स्टूडेंट स्टॉक एक्सचेंज प्रोग्राम का समापन

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) में '18वें वार्षिक स्टूडेंट स्टॉक एक्सचेंज प्रोग्राम 2024-25' का आयोजन किया गया।

एआई का भय लोगों में फैलाना गलत, यह तकनीक भविष्य के लिए कारगर

कृत्रिम बौद्धिकता से मानव कौशल की कद्र और अधिक बढ़ेगी : चरनजोत

गुजवि में 'सस्टेनेबिलिटी, टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं एनालिटिक्स, ग्रीन प्रैक्टिसेस एवं एंटरप्रेन्योरशिप तथा मैनेजमेंट पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। संगोष्ठी का उद्घाटन करते मुख्यातिथि सीए चरनजोत सिंह, कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं अन्य अतिथिगण।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के अध्यक्ष सीए चरनजोत सिंह ने कहा है कि तकनीक ने पूरी दुनिया में भारत की साख बढ़ाई है। दुनिया के अधिकतर देशों में भारतीय तकनीकी विशेषज्ञ अपना लोहा मनवा रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर बेवजह का डर फैलाया जा रहा है। एआई से मानव कौशल की कद्र और अधिक बढ़ेगी।

सीए चरनजोत सिंह गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के सौजन्य से 'सस्टेनेबिलिटी, टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं एनालिटिक्स, ग्रीन प्रैक्टिसेस एवं एंटरप्रेन्योरशिप तथा मैनेजमेंट (स्टेज -2025)' विषय पर शुरु हुई दो दिवसीय प्रथम अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। इंडो गल्फ मैनेजमेंट एसोसिएशन, यूएई के अध्यक्ष डा. मोहन लाल अग्रवाल संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। एचएसबी अधिष्ठाता प्रो. कर्मपाल नरवाल, विभागाध्यक्ष एवं संगोष्ठी के संयोजक डा. निधि तुरान एवं संगोष्ठी की आयोजन सचिव डा. मोनिका भी मंच पर उपस्थित रहे। संगोष्ठी का आयोजन इंडो-गल्फ मैनेजमेंट एसोसिएशन, दुबई और जगन्नाथ इंटरनेशनल मैनेजमेंट स्कूल (जिम्स), नई दिल्ली के सहयोग से किया जा रहा है। सीए चरनजोत सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व में तेल और सोने से भी अधिक डाटा का महत्व है।

देश-विदेश से 150 डेलीगेट्स ले रहे हिस्सा

संयोजक डा. निधि तुरान ने अपने स्वागत सम्बोधन में कहा कि संगोष्ठी में देश-विदेश से 150 डेलीगेटस भाग ले रहे हैं। संगोष्ठी में 14 तकनीकी सत्र होंगे। आयोजन सचिव डा. मोनिका ने सभी का धन्यवाद किया। उद्घाटन समरोह में 35 श्रेष्ठ शोध पत्रों से संकलित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। उद्घाटन समारोह शुरु होने से पूर्व पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि भी दी गई। इस अवसर पर आईसीएआई से संबंधित एक डाक्यूमेंटरी भी दिखाई गई।

वर्तमान दौर में तकनीक तेजी से बढ़ी

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान दौर में तकनीक तेजी से नया आकार ले रही है। ऐसे दौर में सततता के सिद्धांत और अधिक महत्वपूर्ण हो जाते हैं। यह हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि हम शिक्षा को केवल रोजगार पाने के लिए नहीं, बल्कि समाज व राष्ट्र में सकारात्मक बदलावों के लिए प्रयोग करें। दुबई से दिए अपने ऑनलाइन संबोधन में मुख्य वक्ता डॉ. मोहन अग्रवाल ने कृत्रिम बौद्धिकता एवं तकनीकी विकास के युग में मानवीय संवेदनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन परम्पराओं में विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा मानवीय संवेदनाओं का शानदार समावेश था।

वाद विवाद प्रतियोगिता में टैगोर सदन विजेता

हिसार। विजेता प्रतिभागी स्कूल निर्देशिका डॉ. ज्योत्स्ना के साथ।

- कक्षा छठी से आठवीं के छात्रों के बीच करवाई गई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों के बीच एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 'मतदान की उम्र 18 साल या इससे कम' व 'पॉकेट मनीः बच्चों के लिए ज़रूरी या नहीं' नामक दो विषयों पर आधारित थी। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों बोस, नेहरू, विवेकानंद व टैगोर के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का मंच संचालन मनिन्द्र कौर और सवीन द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में रवि और अंतिम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रथम दौर में 'पॉकेट मनीः बच्चों के लिए ज़रूरी या नहीं' विषय पर बोस तथा टैगोर सदन आमने-सामने हुए और टैगोर सदन प्रथम दौर में विजयी रहा। तत्पश्चात इसी विषय पर विवेकानंद तथा नेहरू सदन के बीच वाद-विवाद का संघर्ष चला। अपनी पूर्ण रणनीतिक तैयारियों के चलते नेहरु सदन जीत प्राप्त करने में सफल रहा। अंतिम व निर्णायक दौर के लिए टैगोर तथा नेहरू सदन के बीच 'मतदान की उम्र 18 साल या इससे कम' विषय पररोमांचक मुकाबला देखने को मिला। अंततः टैगोर सदन ने जीत हासिल करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ये मौजूद रहे

इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल निर्देशिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, सीनियर कोऑर्डिनेटर पूनम बिश्नोई तथा अन्य सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी में हुई विचार गोष्ठी

हिसार। डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक समरसता मंच के तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम में प्रो. विकास वर्मा, प्रांत विश्वविद्यालय टोली प्रमुख ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित कर, उसे पूर्ण निष्ठा और समर्पण से प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।

ढाणी कुतुबपुर में पहलगाम हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

- युवाओं ने दो मिनट का मौन रख हमले शहीद हुए लोगों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हांसी। शहीद स्मारक पर नारेबाजी करते ग्रामीण युवा

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार दोपहर निहत्थे टूरिस्टों पर आतंकवादियों द्वारा गोलियां बरसा कर मौत के घाट उतारने के विरोध में ढाणी कुतुबपुर गांव में बुधवार रात को गांव के युवाओं ने गांव के मुख्य चौक से बस स्टैंड पर स्थित शहीद स्मारक तक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला। ढाणी कुतुबपुर के युवाओं ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का परिचय देते हुए कैंडल मार्च निकालकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान युवा अपने दोनों हाथों में जलती मोमबत्तियां लेकर पहलगाम शहीद अमर रहें, भारत माता की जय, आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे नारों के साथ माहौल देशभक्ति से भर गया। कैंडल मार्च का आयोजन राहुल शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय युवाओं द्वारा स्वतः रूप से किया गया। ढाणी कुतुबपुर के सरपंच अमित पंवार ने कहा कि हम सब आतंकवादियों द्वारा निहत्थे लोगों पर किए गए इस हमले की घोर निंदा करते हैं। मार्च के समापन पर दो मिनट का मौन रखकर मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

योगेश ने जीता आईटीएफ मास्टर्स-100 सिंगल व डबल्स का खिताब

हिसार। सीनियर टेनिस खिलाड़ी योगेश कोहली ट्रॉफियों के साथ।

हिसार। सीनियर टेनिस खिलाड़ी योगेश कोहली ने सीनियर टेनिस में एक बार फिर से अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। गुरुग्राम में वल्ड टेनिस मास्टर्स टूर आईटीएफ मास्टर्स-100 प्रतियोगिता में उन्होंने सिंगल व डबल्स ट्रॉफी अपने नाम की है। यह प्रतियोगिता दुनिया भर के सीनियर टेनिस खिलाडिय़ों की रैंकिंग के लिए होती है जिसमें खिलाडिय़ों के खेल के प्रदर्शन को देखते हुए उनकी वल्ड रैंकिंग निर्धारित की जाती है। वर्तमान में योगेश की वल्ड रैंकिंग 67 हो गई है जो कि पहले 141 थी। योगेश कोहली लगातार अपने खेल में निपुणता ला रहे हैं और उनकी वल्ड व इंडिया रैंकिंग में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है।

जयकुमार शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर चमकाया हरियाणा का नाम

- दो गोल्ड, तीन सिल्वर व एक ब्रॉन्ज मेडल पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। जयकुमार शर्मा नेशनल मास्टर एथलेटिक्स गेम्स-2025 में बाधा दौड़ को पार करते हुए।

हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में नेशनल मास्टर एथलेटिक्स गेम्स-2025 का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता में देश के कोने-कोने से आए महिला एवं पुरुष खिलाडिय़ों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में हिसार के मेला ग्राउंड सेक्टर-21 निवासी 62 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व भूतपूर्व एसडीओ जयकुमार शर्मा ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड मेडल सहित छह पदक अपने नाम किए। यह मुकाम हासिल कर उन्होंने अपने परिवार के साथ-साथ हिसार, हरियाणा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।

शर्मा ने 800 मीटर दौड़ व 4गुणा400 मीटर रिले रेस दोनों में गोल्ड मेडल हासिल किए। वहीं 100 मीटर बाधा दौड़, 400 मीटर बाधा दौड़ व 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस तीनों में सिल्वर मेडल व और एक रिले रेस में ब्रांज मेडल अपने नाम किए। जयकुमार शर्मा अब तक 120 से ज्यादा पदक जीत चुके हैं। मूलरूप से दादरी जिले के सांवड़ निवासी जयकुमार शर्मा ने अपनी जीत का श्रेय पारिवारिक सहयोग को दिया।

हिसार। टूरिस्टों पर आंतकी हमले पर शोक जताते सेक्टरवासी।

पहलगाम में हुई आतंकी घटना पर जताया रोष

हिसार। सेक्टर 21-पी परिवार वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा गुरुवार को सेक्टर मेला ग्राउंड एरिया में पहलगाम में हुए टूरिस्ट अटैक की घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा । इस मौन श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मेयर प्रवीण पोपली और एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, सदस्य और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और इस दुःखद घटना में मारे गए लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक कौशिक ने कहा कि ऐसे कायराना हमले मानवता के खिलाफ हैं, और पूरे देश को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। इस अवसर पर महासचिव अजय खट्टर, कुलदीप सोनी, आरती ठाकुर, किरण राजपूत, जितेंद्र नारू, उदयवीर, बलराज, सतबीर आदि मौजूद रहे।

ईश्वर की भक्ति करते हुए हमेशा सदकार्यों में ध्यान लगाएं : स्वामी नारायणाचार्य

- स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज ने तिरुपति धाम में किया तीन दिवसीय प्रवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार। तिरुपति धाम में उपस्थित स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज।

विभिन्न संस्कृतियों को एकसूत्र में पिरोने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज ने तीन दिवसीय प्रवास किया। परम पद प्राप्त अनन्त श्री विभूषित श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य त्रिदंडी जीयर स्वामी श्री देवनारायणाचार्य जी महाराज के परम कृपापात्र अनन्त श्री विभूषित सर्वश्री स्वामी नारायणाचार्य महाराज ने प्रवास के दौरान तिरुपति धाम का अवलोकन किया। उन्होंने धाम की श्रीनिवास गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की और चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से तिरुपति धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं ने स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज के दर्शनों का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को ईश्वर की भक्ति करने और सदकार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि दिनचर्या में व्यस्त रहते हुए भी सदकार्यों में ध्यान लगाना चाहिए।

एचएयू वैज्ञानिकों का ज्वार की उन्नत किस्म सीएसवी 64एफ विकसित करना सराहनीय : हौटा

डॉ. अशोक गोदारा

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (हौटा) ने विश्वविद्यालय के चारा अनुभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा ज्वार की उन्नत किस्म सीएसवी 64एफ विकसित किए जाने को सराहनीय बताया है। हौटा ने कहा कि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के मार्गदर्शन में एचएयू के वैज्ञानिक आए दिन अपनी मेहनत से किसानों के हित में नई किस्में विकसित करके या नई खोज करके खेती को लाभकारी बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हौटा प्रधान डॉ. अशोक गोदारा एवं अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि विश्वविद्यालय के चारा अनुभाग ने हाल ही में ज्वार की उन्नत किस्म सीएसवी 64एफ विकसित की है। चारा अनुभाग अब तक ज्वार की 13 किस्में विकसित कर चुका है। हौटा पदाधिकारियों ने ज्वार की नई किस्म सीएसवी 64एफ को विकसित करने में योगदान देने वाले चारा अनुभाग के वैज्ञानिकों डॉ. पम्मी कुमारी, डॉ. एसके पाहुजा, डॉ. जीएस दहिया एवं डॉ. डीएस फोगाट, डॉ. सतपाल, डॉ. नीरज खरोड़, डॉ. बजरंग लाल शर्मा एवं डॉ. मनजीत सिंह की टीम को बधाई दी। हौटा प्रधान डॉ. अशोक गोदारा के अलावा अन्य पदाधिकारियों उप प्रधान डॉ. कृष्ण यादव, सचिव सोमबीर निंबल, सह सचिव डॉ. दिनेश तोमर, कोषाध्यक्ष कोटिल्य चौधरी ने भी चारा अनुभाग के वैज्ञानिकों को नई उपलब्धि पर बधाई दी।

विहिप के आह्वान पर सड़कों पर उतरे हिन्दू संगठन, आतंकवाद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी

हिन्दू संगठनों ने किया पाकिस्तान ध्वज व आतंकवाद के पुतले का दहन

- पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए नरसंहार का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। पाकिस्तान के झंडे को पैर तले रौंदते लोग।

हिसार। पहलगाम के आतंकी हमले में मारे गए मृतकों के लिए कैंडल मार्च निकालते सद्भावना मंच के सदस्य।

पहलगाम में जेहादी आतंकियों द्वारा हिन्दुओं के किए नरसंहार के विरोध में सम्पूर्ण देशभर में चल रहे प्रदर्शन के चलते हिसार की सड़कों पर भी व्यथित और आक्रोशित हिन्दू समाज ने रोष यात्रा निकाली और पाकिस्तान का ध्वज व आतंकवाद का पुतला दहन किया। इस दौरान लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। पाकिस्तान के झंडों को पैर तले रौंदा। इससे पूर्व भारी संख्या में लोग पारिजात चौक पर एकत्रित हुए नगर भर में जयघोष लगाते हुए आक्रोश यात्रा निकाली। पारिजात चौक से आरम्भ करके बस स्टैंड, तलाकी गेट, नागौरी गेट, राजगुरु मार्केट, आर्य बाज़ार, गांधी चौक आदि स्थानों से होते हुए पुनः पारिजात चौक पर लौटकर वहां सभा और आयोजन किया गया। सभा को संतजनों, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, समाज के प्रतिनिधियों, विभिन्न बिरादरी के नेताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर विहिप नेता रविन्द्र गोयल ने कहा कि पहलगाव में टूरिस्ट आतंकवादियों के कायरतापूर्ण हमले के शिकार हो गए। षडयंत्र रचकर किए गए इस हमले के बाद भारत चुप बैठने वाला नहीं है। निश्चित ही आतंकवादियों को सबक सिखाया जाएगा। इस मौके पर बजरंग दल के जिला संयोजक अमर चौधरी, प्रो. दीपक कुमार, संत गुरुचरण अठवाल, सुरेंद्र लाहौरिया, कपिल वत्स, अनिल गोयल, कमल सर्राफ रहे।

मृतकों को दी श्रद्धांजलि

हिसार। जम्मू के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि देने और देश की सुरक्षा के सवाल व सरकार की जवाबदेही के सवाल को लेकर सद्भावना मंच द्वारा गुरुवार को एचएयू के गेट नंबर चार पर सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए और मृतकों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मृतकों के परिजनों की सांत्वना के लिए प्रार्थना की। कैंडल मार्च और शोक सभा कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से होशियार खान, ओम प्रकाश सैनी, एमएल सहगल, डेविड विक्टर और बबली लांबा ने की। कैंडल मार्च एचएयू के गेट नंबर चार से शुरू होकर आईजी चौंक पर स्थित चौधरी छोटूराम की प्रतिमा के सामने चबूतरे पर संपन्न किया।

सूचना

मैं रोशन लाल पुत्र श्री गुलाब सिंह निवासी 462/19 आर्य नगर हांसी जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा लड़का साकेत कुमार भुम्बला व उसकी पत्नी काजल राजभर मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं इसलिए मैं व मेरी पत्नी हमारे पुत्र साकेत कुमार भुम्बला व उसकी पत्नी काजल को अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। आज के बाद अगर कोई व्यक्ति मेरे लड़के व उसकी पत्नी के साथ कोई लेन देन या व्यवहार करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप

जन संवाद पोर्टल की समीक्षा बैठक 28 को

हिसार। उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में 28 अप्रैल को 11:30 बजे स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में सीएम विंडो व जन-संवाद पोर्टल की लंबित शिकायतों के संबंध में एक समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। नगराधीश हरिराम ने बताया कि बैठक में सीएम विंडो व जन-संवाद पोर्टल की लंबित शिकायतों के संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे।

बाइक चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हिसार। एचटीएम थाना पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सेक्टर 1-4 हिसार निवासी लविश और दाहिमा निवासी वीरेंद्र उर्फ मारु शामिल है। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा तीन मोटरसाइकिल बरामद की है।

उप निरीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि इस संबंध में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी जगमीत ने एचटीएम थाना में मोटरसाइकिल चोरी की शिकायत दी। उसने बताया कि 15 अप्रैल को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर के सामने से उसका बाइक चोरी कर ली।

आतंकियों को सरकार सिखाएगी सबक : बिश्नोई

हिसार। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने आदमपुर सहित हिसार लोकसभा में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने विकास कार्यों का जायजा लिया तथा अपनों के सुख-दुख में शिरकत की। इस दौरान कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में जो कायराना करकत की है, उससे पूरे देश की जनता में बहुत ही गुस्सा है। देश की जनता ऐसे घटना को अंजाम देने वाले क्रूर आतंकवादियों को सबक सिखाना चाहती है।

राजकीय महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

नारनौंद। राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपटा के प्रांगण में भूगोल विभाग द्वारा प्राचार्य अनिल कुमार के मार्गदर्शन में मेसोपोटामिया, नील घाटी, सिंधु घाटी और हावरीहो घाटी के विशेष संदर्भ में मानव सभ्यता का मूल्यांकन विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस विषय पर पोस्ट ग्रेजुएट टीचर इतिहास विभाग डॉ अप्पू से सहारण ने विशेषज्ञ की भूमिका निभाई। उन्होंने विश्व में मानव सभ्यता के विकास उपलब्धियों और प्रभाव का आकलन करके छात्रों को बताया कि हमारे देश में बहुत पुरानी सभ्यता की धरोहर पाई गई है।

पानी के विवाद में किया हमला, तीन घायल

उकलाना मंडी। नजदीकी गांव उकलाना में पानी के पुराने विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हुए झगड़े में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए बरवाला के नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से हिसार रैफर कर दिया गया। इस संबंध में उकलाना गांव निवासी अमनदीप ने उकलाना पुलिस को दी शिकायत दर्ज करवाई है।

मकान से नकदी व आभूषण चोरी, केस दर्ज

हिसार। अग्रोहा थाना क्षेत्र के गांव जगाण में अज्ञात चोर खेत में बने मकान से नकदी सहित सोने व चांदी के आभूषण चुरा ले गए। चोरी की घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पीड़ित हुन्नामल ने अग्रोहा थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। हुन्नामल ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ खेत में बने मकान में रहते हैं। बुधवार रात को खाना खाने के बाद वह, उनकी पत्नी और बच्चे सो गए। सुबह जागने पर देखा कि अलमारी से 1.5 तोले का मंगलसूत्र, कानों की बालियां और करीब एक लाख रुपए नकद गायब थे। पुलिस जांच अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

समाधान शिविर : लापरवाही पाए जाने पर की जाएगी कार्रवाई : डीसी

एसडीओ के खिलाफ शिकायत डीसी ने दिए जांच के आदेश

उपायुक्त अनीश यादव ने नागरियों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में उपायुक्त अनीश यादव ने समाधान शिविर में पहुंचे नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का तुरंत समाधान करना है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। उपायुक्त अनीश यादव ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए है कि यदि शिकायतों के निपटारे में लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग लंबित मामलों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

समाधान शिविर में गांव सीसवाल निवासी सतपाल बिश्नोई ने हनुमान मंदिर तालाब की बाउंड्री पर जाल न लगाने पर एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई की शिकायत दी, जिस पर सीईओ जिला परिषद को मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत खेदड़ द्वारा पाबड़ा रोड पर सड़क मार्ग के साथ लगे बिजली के खंभे को उचित दूरी कर लगाए जाने की मांग रखी। इस पर उपायुक्त ने बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सेक्टर-5 हिसार निवासी शेर सिंह ने सेवानिवृत्ति उपरांत सेवाओं को लाभ न मिलने संबंधी शिकायत पर उपायुक्त ने एचएसवीपी संपदा अधिकारी को मामले में शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। यह रहे उपस्थित

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्घा, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, एचएसवीपी ईओ आंचल भास्कर, जीएम रोडवेज डॉ मंगल सेन, हांसी डीएसपी रविंद्र सांगवान, एएमसी प्रदीप हुड्डा, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, डीईटीसी तरूणा लांबा सहित संबंधित विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो : हरिभूमि

अवैध कॉलोनियों और कब्जों का हटाने की मांग

गांव सातरोड निवासियों द्वारा लाडवा रोड पर बनी अवैध कॉलोनी व अवैध कब्जे की शिकायत पर उपायुक्त ने जिला नगर योजनाकार को मामले की गहनता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सेक्टर 9-11 निवासी राजेंद्र सैनी की दिल्ली रोड स्थित मोड पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग पर उपायुक्त अनीश यादव ने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव डाबड़ा निवासी सुशील की भूमि पर अवैध कब्जे करके कॉलोनी काटने की शिकायत पर उपायुक्त अनीश यादव ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय हिसार को नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने के लिए कहा। गांव भाटला में रिहायशी क्षेत्र में बनाए गए मुर्गी फार्म को बंद करने के विषय पर उपायुक्त ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी को मामले की जांच उपरांत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

यूपीएससी में 215वीं रैंक लेने वाली ध्वनि अग्रवाल का सम्मान

- यह उपलब्धि अग्रवाल परिवार के लिए गौरवमयी पल : लोकेश

हिसार। यूपीएससी परीक्षा में 215वां रैंक हासिल कर शहर का नाम रोशन करने वाली हिसार की बेटी ध्वनि अग्रवाल को गुरुवार को एलआईसी की तरफ से सम्मानित किया गया।

आईएएस बनी ध्वनि के दादा ओके अग्रवाल हिसार एलआईसी से सेवानिवृत है। स्थानीय शाखा प्रबंधक लोकेश मीणा, सहायक प्रबंधक जयवीर शर्मा एवं बीमा कर्मचारी यूनियन के रोहतक मंडल के प्रधान त्रिलोक बंसल ने उनके पीएलए स्थित आवास पर पहुंचकर दादा ओके अग्रवाल, दादी कुसुम अग्रवाल, पिता डॉ. आदर्श अग्रवाल एवं माता डिप्टी सीएमओ डॉक्टर रीना जैन को बेटी ध्वनि की इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की एवं निर्वाचित आईएएस ध्वनि अग्रवाल को फूलों का गुलदस्ता भेंट करके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। शाखा प्रबंधक लोकेश मीणा ने कहा कि यह उपलब्धि अग्रवाल परिवार, एलआईसी परिवार एवं हिसार के लिए गौरवमयी पल है।

हिसार। ध्वनि को सम्मानित करते एलआईसी के अधिकारी।

साइक्लोथॉन-2.0 यात्रा का आज गांव ज्ञानपुरा में होगा स्वागत

- सुबह 8 :30 बजे यात्रा गांव में करेगी प्रवेश

हिसार। जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आरंभ की गई साइक्लोथॉन-2.0 यात्रा का बरवाला खंड के गांव ज्ञानपुरा में 25 अप्रैल को प्रशासन द्वारा स्वागत किया जाएगा। बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल ने बताया कि यह यात्रा 25 अप्रैल की सुबह 8:30 बजे ज्ञानपुरा गांव पहुंचेगी। वहां से यात्रा बरवाला व गांव दौलतपुर होते हुए फतेहाबाद जिले में प्रवेश करेगी। प्रशासन द्वारा यात्रा के सफल आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं और सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। नायब तहसीलदार रविन्द्र शर्मा को साइक्लोथॉन-2.0 यात्रा का ऑवर ऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है।

गौरतलब है कि साइक्लोथॉन-2.0 यात्रा की शुरुआत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 5 अप्रैल को हिसार से की थी। यह यात्रा हरियाणा के विभिन्न जिलों से गुजरते हुए सिरसा में सम्पन्न होगी।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध

- दिल्ली पब्लिक स्कूल में संस्थापना दिवस समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दिल्ली पब्लिक स्कूल में गुरुवार को अत्यंत गरिमामय वातावरण में संस्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह दिन विद्यालय की शिक्षा, संस्कृति और संस्कारों की समृद्ध परंपरा का प्रतीक बनकर उभरा। इस पावन अवसर पर आयोजित विशेष सभा में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ । विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मंच को जीवंत कर दिया। भावनात्मक नाट्य प्रस्तुति, हर्षोल्लास भरे लोकनृत्य, सुमधुर समूह गान एवं ओजस्वी कविता पाठ ने, न केवल दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया बल्कि विद्यालय की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और मूल्यनिष्ठ दृष्टिकोण को भी दर्शाया। विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने इस ऐतिहासिक अवसर पर विद्यालय की अब तक की उपलब्धियों और मूलभूत आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्टता और चरित्र निर्माण की दिशा में सतत प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय प्रो वाइस चेयरमैन मुंशी राम तथा डायरेक्टर निहाल सिंह के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि विद्यालय की सफलता इन्हीं महान हस्तियों की संकल्प शक्ति, अथक परिश्रम और प्रेरणा का प्रतिफल है।

हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का किया आयोजन

- हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 18 विद्यार्थियों का 'रिलायंस बायो एनर्जी' में विभिन्न पदों पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 18 विद्यार्थियों का 'रिलायंस बायो एनर्जी' में विभिन्न पदों पर चयन हुआ है। उनका यह चयन एचएयू के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत 'रिलायंस बायो एनर्जी' द्वारा कैंपस प्लेसमेंट के तहत हुआ। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि 18 विद्यार्थियों में 6 विद्यार्थी 'टीम मेंबर सेल्स' के पद पर चयनित हुए हैं जिनमें आयुष जैन, हर्षवीर सिंह, इंद्रवीर सिंह, सुधांशु महेश्वरी, उदित सोनी व राहुल शर्मा शामिल है व 'फार्म मैनेजर एनर्जी प्लांटेशन' के पद पर तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है जिनमें नेहा यादव, सतेन्द्र भुकल और विकास भोबिया शामिल हैं, जिनका चयन 10 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर हुआ है। 'फार्म इक्विपमेंट मैनेजर' के पद पर चार विद्यार्थियों हिमांशु टेवाटिया, कुनाल चहर, निखिल नेहरा तथा विजय सिंह का चयन हुआ है व 'ट्रांजिट कलेक्शन सेंटर सुपरवाइजर' के पद पर पांच विद्यार्थियों अमित कुमार, अतुल शर्मा, सरीन कुंडू, शुभिमा तथा अजय ढूल का चयन पांच लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर हुआ है। सह छात्र कल्याण निदेशक (काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि विद्यार्थियों की प्लेसमेंट के लिए लगातार ड्राइव चलाए जा रहे हैं।

हिसार। चयनित विद्यार्थियों के साथ कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

दयानंद कॉलेज के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेरिट सूची में बनाया स्थान

हिसार। टॉप टैन में स्थान पाने वाले विद्यार्थी प्राचार्य के साथ। फोटो : हरिभूमि

हिसार। दयानंद कॉलेज के बीसीए के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परीक्षा परिणामों में टॉप टैन सूची में अपना स्थान बनाते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। पांचवे सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में महाविद्यालय की छात्रा भावना ने दूसरा स्थान, सचिन ने तीसरा स्थान, दीपक शर्मा ने चैथा स्थान तथा रेखा ने छठा स्थान प्राप्त कर मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई।

इसके अतिरिक्त बीसीए तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में महाविद्यालय की छात्रा ईशा बंसल ने दूसरा, मंजू ने पांचवा तथा कुमारी गीतिका ने सातवां स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के बीएससी कम्प्यूटर साईंस के पांचवे सेमेस्टर की छात्रा गरिमा ने मेरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस गौरवपूर्ण सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों के साथ-साथ कम्प्यूटर विभाग के इंचार्ज प्रो. नरेन्द्र कुमार, प्रो. शालू रानी तथा अन्य शिक्षकों को बधाई दी।

ट्रांसफर हुए जजों को स्मृति चिह्न किए भेंट

- जिला बार एसोसिएशन की ओर से कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला बार एसोसिएशन की ओर से बार रूम में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से हिसार से कुरुक्षेत्र कोर्ट ट्रांसफर हुए डीजे दिनेश कुमार मित्तल एवं एडीजे अमित सहरावत के सम्मान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिसार बार के प्रधान संदीप बूरा ने की जबकि बार के सचिव समीर भाटिया ने संचालन किया। बार के प्रधान संदीप बूरा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने दोनों न्यायाधीशों के न्यायिक कार्यकाल, व्यवहार एवं न्यायप्रियता की सराहना की व गीत, चुटकुलों, शेरो शायरी के माध्यम से अपने विचार सांझा कियए। बार के सचिव समीर भाटिया ने बार एवं बेंच के बीच सामंजस्य और सहयोग की मिसाल बताया। कार्यक्रम के दौरान वकीलों व जजों के बीच संवाद, स्मृति चिह्न भेंट एवं हास्य-विनोद से वातावरण ने समारोह को खुशनुमा बना दिया। इस मौके पर हिसार बार के उपप्रधान विकास पूनियां, सह सचिव सुनील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव सहित अधिवक्ता महेंद्र नैन, कलम सिंह, बजरंग इंदल आदि मौजूद रहे।

हिसार। न्यायिक अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते बार पदाधिकारी।

बुलेट को इंपाउंड कर किया 44,500 रुपये का चालान

- यातायात नियमों की उल्लंघना के खिलाफ पुलिस का विशेष अभियान

नारनौंद। यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान गुरुवार को ट्रैफिक पुलिस ने साइलेंसर से गोली जैसी आवाज निकालने वाले बुलेट मोटरसाइकिल का 44500 रुपए का चालान कर उसे इंपाउंड कर लिया।

नारनौंद ट्रैफिक इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रामनिवास ने बताया कि सड़क पर दो पहिया वाहनों की यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है और इसी अभियान के दौरान माजरा प्याऊ के समीप बुलेट मोटरसाइकिल सवार बुडाना निवासी दीपांशु को रोक बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर को चैक किया गया तो उसके अंदर से गोली चलने जैसी आवाज निकली जिसके बाद बुलेट मोटरसाइकिल का 44500 रुपए का चालान कर उसे इंपाउंड किया गया है।

नारनौंद। बुलेट मोटरसाइकिल की जांच करते ट्रैफिक इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रामनिवास।

समस्या जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए ठीक करने के निर्देश

ढाणी श्याम लाल में सीवरेज समस्या से लोग परेशान, मेयर ने लिया जायजा

शहर की सभी समस्याओं का एक-एक करके किया जा रहा समाधान : प्रवीन पोपली:

- जेट मशीन लेकर स्थल पर पहुंचे कर्मचारी, मरम्मत कार्य किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मेयर प्रवीण पोपली गुरुवार को लंबे समय से सीवरेज समस्या का सामना कर रहे ढाणी श्यामलाल गली नंबर 3 में पहुंचे। मेयर पोपली के साथ जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। इस दौरान परेशान लोगों ने सीवरेज समस्या की जानकारी देते हुए मेयर से इसके स्थाई समाधान की मांग की। लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मेयर ने विभाग के अधिकारियों को जमा पानी निकाले व सीवरेज व्यवस्था ठीक करने निर्देश दिए। इसके बाद अधिकारियों ने सीवरेज के कारण बिगाड़ी व्यवस्था को सुधाने में जुट गए। अधिकारी अपने साथ जेट मशीन लेकर भी पहुंचे थे और कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान पार्षद भीम महाजन, एसडीओ जसबीर, जेई राहुल, ठेकेदार सौरभ, संजय सूरा, लवली, संदीप थरेजा सहित क्षेत्रवासी मौजूद थे। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि शहर की जितनी भी समस्याएं है, एक-एक करके उनका समाधान किया जा रहा है। मौके पर अधिकारियों को बुलाकर समाधान करवाया जा रहा है। ढाणी श्यामलाल की सीवरेज की समस्या लम्बे समय से है। जिसका समाधान जल्द से जल्द करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए है। उन्होंने बताया कि मौके पर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद है और कर्मचारी कार्य कर रहे है। इस समस्या को लेकर मेयर प्रवीण पोपली ने बैठक कर स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए।

हिसार। मेयर प्रवीण पोपली को सीवरेज समस्या से अवगत कराते क्षेत्रवासी।